ब्रह्माकुमारीज़ के गुजरात ग्लोबल रिट्रीट सेंटर में...

'जनक कुंज-सरल कुंज' भव्य भवन का भव्य उद्घाटन

जीजीआरसी-गुज.। ब्रह्माकुमारीज़ के गुजरात ग्लोबल रिट्रीट सेंटर में नवनिर्मित 'जनक कुंज-सरल कुंज' भवन के भव्य मंगल उद्घाटन कार्यक्रम में दीप प्रज्वलित करते हुए संस्थान की मुख्य प्रशासिका राजयोगिनी दादी रतनमोहिनी, अति. मुख्य प्रशासिका राजयोगिनी ब्र.कु. जयंती दीदी, अति. महासचिव राजयोगी ब्र.कु. बृजमोहन भाई, ब्र.कु. चंद्रिका दीदी, यूएई सेवाकेन्द्रों की निदेशिका ब्र.कु. ज्योति बहन, महिला प्रभाग की राष्ट्रीय संयोजिका ब्र.कु. शारदा बहन, इंजीनियरिंग विंग के चेयरपर्सन ब्र.कु. मोहन सिंघल भाई, मणिनगर सबज़ोन संचालिका ब्र.कु. नेहा बहन, ब्र.कु. अमर बहन, जीजीआरसी डायरेक्टर डॉ. मुकेश भाई पटेल तथा अन्य ब्र.कु. भाई-बहनें। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में देश-विदेश के भाई-बहनें शामिल हुए। सभी ने शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह भवन अनेकों की सेवा करेगा।

हमारे अंदर देने का संस्कार हो लेने का नहीं

जयपुर-राजापार्क(राज.)। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में ब्रह्माकुमारीज़ के महिला प्रभाग द्वारा भारतीय विद्या भवन,महाराणा प्रताप ऑडिटोरियम जयपुर में आयोजित 'खुशहाल महिला-खुशहाल परिवार' कार्यक्रम में ब्र.कु. शारदा दीदी,ब्रह्माकुमारीज़ महिला प्रभाग की राष्ट्रीय समन्वयक ने कहा कि अपेक्षा से किया हुआ कोई भी कार्य सफल नहीं होता, इसलिए अपेक्षा नहीं होनी चाहिए। आज हम सभी मिलकर रहना चाहते हैं, लेकिन हमारे में सबसे लेने की ऐसी इच्छा जागृत हो जाती है जो इन बातों को खत्म कर देती है। हमारे अंदर देने का संस्कार होना चाहिए लेने का नहीं। ब्र.कु. पूनम दीदी,जयपुर सबज़ोन इंचार्ज ने कहा कि हमारा परिवार विविधताओं को लिये हुए अवश्य है लेकिन है तो एक मुट्ठी जो संगठन बन जाता है और कठिन समय में हमारी शक्ति बनता है। तो महिलायें इससे अलग होने का कभी ख्याल न करें क्योंकि सबको आप जोड़ कर रखते हो। ये प्रभु की देन आपके पास है, इसको बनाए रखना। रफीक खान,विधायक,आदर्श नगर ने कहा कि जिस प्रकार नदी सुख भी जाती है, लेकिन उसकी देने की प्रवृत्ति के कारण वो अपना पेट चीरकर भी पानी देती है। ऐसे ही ये ब्रह्माकुमारीज आश्रम है, यहां लेने की नहीं देने की भावना है और जो उपदेश आप देते हैं वो हम सभी अपने साथ लेकर जाएंगे। श्रीमति सौम्या गुर्जर,महापौर,जयपुर ग्रेटर नगर निगम ने कहा कि सिर्फ एक दिन नहीं बल्कि 365 दिन महिला दिवस होना चाहिए। हर लम्हा हम महिलाओं को जीना चाहिए और जिस सम्मान की महिलाएं हकदार हैं वह सम्मान महिलाओं को मिलना चाहिए।

संगीता बेनीवाल,अध्यक्ष,राजस्थान राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग ने ब्रह्माकुमारीज़ मुख्यालय में कराई गई बाल कल्याण समिति की ट्रेनिंग का अनुभव साझा करते हुए कहा कि हम सभी को वहां बहुत ही सुकून की अनुभूति हुई। श्रीमति मंजू मीणा,उपनिदेशक,दूरदर्शन केंद्र,जयपुर ने कहा कि ब्रह्माकुमारीज़ संस्थान जिस तरह से हममें आत्मविश्वास पैदा करता है, ये अपने आप में एक मिसाल है। श्रीमति प्रिया सिंह,राजस्थान की पहली बॉडी बिल्डर ने कहा कि यहां एक सुकून है, शांति है। मुझे यहां आकर दिल से अच्छा लगता है। श्रीमति राजकुमारी जी,सदस्य,आरपीएससी,अजमेर ने अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस की नींव कब और कैसे रखी गई इसके बारे में बताया। नारी शक्ति का प्रदर्शन नृत्य नाटिका के द्वारा बच्चों ने देकर सभी का मन मोह लिया। संगीत की रंगारंग प्रस्तुति गायक रोहित कटारिया एवं आकांक्षा कटारिया ने दी। संचालन सोडाला सेवाकेन्द्र संचालिका ब्र.कु. स्नेहा ने किया।

[[किसने क्या कहा...]]

अपेक्षा से किया कोई भी कार्य सफल नहीं होता : ब्र.कु. शारदा दीदी

महिलायें ही परिवार को जोड़कर रखती हैं: ब्र.कु. पूनम बहन

ब्रह्माकुमारीज़ में लेने की नहीं देने की भावना : विधायक रफीक खान

हम महिलाओं को हर लम्हा जीना चाहिए : महापौर सौम्या गुर्जर

उद्देश्य की सार्थकता के लिए सदा सीखने पर केंद्रित रहें

इंदौर छावनी-म.प्र.। ब्रह्माकुमारीज़ द्वारा अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर आयोजित 'खुशहाल महिला-खुशहाल परिवार' कार्यक्रम में मुख्य वक्ता ब्र.कु. मधु बहन ने कहा कि हमारी संस्कृति में सदियों से नारी को पुरुषों से भी अधिक सम्मान दिया गया है। किंतु समय के चलते महिला ही महिला को पीछे करने में अपने उद्देश्य को भूलने लग गई। यदि देखा जाए तो महिला ही समाज की धुरी है, माता ही बच्चे की प्रथम गुरु है। यदि ठान लें तो अच्छे भावों और प्रयासों से हम महिलाएं समाज को आदर्श समाज का स्वरूप दे सकती हैं। उन्होंने कहा कि हमें यह याद रखना है कि आलोचनाओं को सहन करते हुए सदा कुछ अच्छा सीखने का प्रयास करना है। लीनेस क्लब की जिला प्रमुख रचना गुप्ता ने कहा कि हम परिवार के अन्य सदस्यों का तो ध्यान रखते हैं लेकिन अपना ध्यान नहीं रख पाते। एक खुशहाल परिवार के निर्माण के लिए अपने स्वास्थ्य व मन का भी ध्यान रखें। फिजियोथैरेपिस्ट विनी जैन ने सभी को हेल्थ टिप्स दिए। स्थानीय सेवाकेन्द्र संचालिका ब्र.कु. कुसुम बहन ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि सदा खुश रहने के लिए 'धीरज, प्रेम और शान्ति' तीन टैबलेट रोज़ खाएं। कार्यक्रम में शहर के प्रीमियम क्लब प्रमुख कुसुम तिवारी, मंगलम क्लब प्रमुख रेखा अग्रवाल, सर्व ब्राह्मण समाज प्रमुख वर्षा शर्मा, गौड़ ब्राह्मण समाज प्रमुख मंजुला मंडलोई ने भी महिला दिवस की शुभकामनाएं दी। ब्र.कु. लीशा ने योग अनुभूति कराई एवं ब्र.कु. ज्योत्सना ने संचालन किया।

महिलाओं ने एक-दूसरे को आगे बढ़ाने हेतु प्रतिज्ञा की एवं प्राकृतिक फूलों से ईको फ्रेंडली होली मना कर, केमिकल रंगों का उपयोग न करने का संदेश दिया

RNI NO RAJHIN/2000/00721, POSTAL REGD. RJ/SIROHI/9623/21-23, Posting at Shantivan-307510 (Abu Road)
Licensed to post without prepayment RJ/WR/WPP/003/2021-23, Posting on 12th TO 14th and 22nd TO 24th each month, published on 3rd April, 2023
स्वामी - राजयोगा एजुकेशन एंड रिसर्च फाउंडेशन, प्रकाशक, सम्पादक एवं मुद्रक- गंगाधर नरसिंघानी द्वारा डी.बी. कॉर्प.लि. भास्कर प्रिन्टिंग प्रेस,शिवदासपुरा, टोंक रोड,जयपुर से मुद्रित एवं ओमशान्ति मीडिया, ब्रह्माकुमारीज़,शांतिवन-राज. से प्रकाशित।
कार्यालय - ओमशान्ति मीडिया
ब्रह्माकुमारीज़, शांतिवन,- 307510
— See Latest News —
www.omshantimedia.org